Fourteenth Loksabha

Session : 13
Date : 26-02-2008

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

>

Title: Need to construct a bridge over river Yamuna connecting Jalaun and Kanpur Dehat districts of Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन से कानपुर देहात एवं कानपुर की ओर जाने वाला रास्ता उरई से चुर्खी ए वं नियामतपुर पालसरेनी से जमुना नदी पर पीपों का पुल है। यह पुल कानपुर देहात के बहमई गांव से होता हुआ कानपुर-आगरा फोर-सिक्स लाइन को मिलाता है। पीपों का पुल होने की वजह से जनपद-जालौन एवं बुन्देलखण्ड के निवासियों के लिए आवागमन का मार्ग असुविधाजनक है एवं कानपुर देहात के लिए कोई सीधा रास्ता नहीं है।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जनपद-जालौन से कानपुर देहात को जाने वाला रास्ता, नियामतपुर पालसरेनी एवं बहमई गांव से होते हुए फोर-सिक्स लाइन से मिलाने हेतु जमुना नदी पर एक पक्का पुल बनाने का कट करें। जिससे इस क्षेत्र के निवासियों को आवागमन का सीधा रास्ता मुहैया हो सके।